पहल नवयुग कन्या महाविद्यालय समेत कई कालेजों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हो रहे प्रयास

हम सबने ठाना, मतदान प्रतिशत है बढ़ाना

जासं, लखनऊ : महिला कालेजों में मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रयास हो रहे हैं। छात्राएं संदेश दे रही हैं कि हम सब ने ये ठाना है, मतदान प्रतिशत बढ़ाना है।

नवयुग कन्या महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट द्वारा शुक्रवार को आनलाइन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने छात्राओं से बिना लालच, निष्पक्ष एवं निडर होकर मतदान करने की अपील की। इस दौरान प्रश्नोत्तरी, भाषण, पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में श्रेया, संस्कृति, पलक, श्रद्धा, दर्शिका, तन्नाज व जैस्मिन विजयी रहीं। संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रतिमा घोष ने किया। एनएसएस अधिकारी डा. नीतू ने आभार जताया।

नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सपना वर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुए। महाविद्यालय के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के सभी 22 प्रवक्ताओं ने 310 छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई गई। शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्राओं ने प्राध्यापिका डा. ममता डोगरा के नेतृत्व में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से मतदान के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला। नेताजी सुभाष चंद्र बोस कालेज की ओर से भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। अवध गर्ल्स डिग्री कालेज की एनसीसी यूनिट भी मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम में भागीदारी निभा रही है।



आनलाइन मंच पर मतदाता जागरूकता का संदेश देतीं नवयुग कन्या महाविद्यालय की शिक्षिकाएं एवं छात्राएं • सौ. कालेज

अपनी ताकत को पहचान चलो करें हम मतदान

जासं, लखनऊ : लोक संस्कृति शोध संस्थान की मासिक लोक चौपाल में शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया गया। शुक्रवार को आनलाइन आयोजन में वक्ताओं ने लोकतंत्र में लोकमत की भूमिका विषय पर अपनी बातें रखीं।

वरिष्ठ साहित्यकार डा. विद्या विंदु सिंह को पद्मश्री मिलने की खुशियां भी साझा की गईं तथा उन्हें लोगों ने बधाई दी। वरिष्ठ लोक गायिका प्रो. कमला श्रीवास्तव ने देश के प्रति अपने दायित्वों को निभाने के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया। चौपाल में मधु श्रीवास्तव, शकुन्तला, अंजलि, वरिष्ठ लोक गायिका इंदु सारस्वत, सुरभि सिंह, सरिता, सुषमा, सरिता, कल्पना सक्सेना ने गीत प्रस्तुत किए।